प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.03.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

किरेन रिजिजू

केंद्रीय संसदीय कार्य व अल्पसंख्यक मामले मंत्री किरेन रिजिजू चंबा जिले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे आज भंजराडू में आई.टी.आई भवन व खेल स्टेडियम और सलूणी में इंडोर स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। इससे पहले कल उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल प्रदेश विशेषकर चम्बा जिले के विकास के लिए विशेष बजट और स्कीमें आवंटित की गई हैं, जो आम लोगों के दैनिक जीवन को सुगम बनाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हमेशा हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों की मदद के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली से मिलने वाली मदद निरंतर जारी है और राज्य सरकार को अपने प्रबंधन की क्षमता में भी सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों की जरूरतों और उनके धार्मिक स्थलों के विकास के लिए मंत्रालय हर संभव कदम उठाएगा।

....

होली उत्सव

हमीरपुर जिले के सुजानपुर में राष्ट्रस्तरीय होली उत्सव आज से शुरू हो रहा है जो 4 मार्च तक चलेगा। इस उत्सव को आकर्षक बनाने के लिए आयोजन समिति ने जहां नई गतिविधियां शाामिल की हैं वहीं उत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में पंजाबी और हिमाचली कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। उपायुक्त गंधर्वा राठौर ने बताया कि पहली सांस्कृतिक संध्या में आज बब्बू मान और हिमाचल प्रदेश पुलिस के मशहूर आर्केस्ट्रा हारमनी ऑफ पाइन्स के अलावा कई हिमाचली कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं कल दूसरी संध्या में पंजाबी गायक मनकीरत औलख दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी मेले के आकर्षण का केन्द्र होंगी।

राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम

भारत सरकार की राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम योजना जनजातीय जिला किन्नौर के बुनकरों के लिए मील का पत्थर हो रही है। उद्योग केन्द्र किन्नौर के महाप्रबंधक गुरु लाल नेगी ने बताया कि इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को हथकरघा स्थापना पर 90 प्रतिशत तक सरकारी अनुदान दिया जाता है, जबकि लाभार्थी को केवल 10 प्रतिशत राशि स्वयं वहन करनी होती है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददता ....

....

आग्रह रैली

प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा प्रदेश भर में क्लस्टर सिस्टम सहित विभिन्न मांगों को लेकर आज एक आग्रह रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शिमला के चौड़ा मैदान में आज प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा एक रैली निकाली जा रही है जिसमें जिला भर के कई शिक्षक भाग लेंगे।

....

टी20 क्रिकेट विश्व

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत का सामना आज वेस्टइंडीज से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से कोलकाता के ईडन ग्रार्डन में खेला जाएगा। इस मैच का नतीजा टूर्नामेंट में भारत का भविष्य तय करेगा। वहीं, दूसरा मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे खेला जाएगा।

....

मौसम

प्रदेश में बारिश व बर्फबारी न होने से सूखे जैसे हालात बने हुए हैं। फरवरी महीने में सामान्य से 84 फ़ीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि फरवरी महीने में प्रदेश के सभी 12 जिलों में माइनस 70 से 90 फीसदी तक कम बारिश दर्ज की गई है और आगामी 5 मार्च तक भी बारिश के कोई आसार नहीं है। 3 मार्च से तापमानं में और अधिक बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

....